कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक जन सेवा मेल झाँसी। दिनांक: 31 OCT 2014

सार्वजनिक शौचालय भी नहीं रहेंगे गंदे

संवाददाता, जनसेवा मेल

जलापूर्ति के लिए की जाएगी व्यवस्था

स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। अब सार्वजनिक मूत्रालयों व शौचालयों को भी चकाचक रखने की योजना बनाई गई है। इसकी जिम्मेदारी क्षेत्रीय पार्षद व सफाई कर्मचारियों को संयुक्त रूप से संभालनी होगी।

विगत दिवस नगर भ्रमण पर निकले मंडलायुक्त के राममोहन राव का वास्ता जगह-जगह गंदगी के ढेर से हुआ था। माह के शुरू में चलाए गए व्यापक सफाई अभियान के बाद भी गंदगी के ढेर लगे होने को उन्होंने गंभीरता से लिया। सबसे अधिक गंदगी सुलभ शौचालयों व सार्वजनिक मूत्रालयों में पाई गई। वहां टूटे पॉट और चॉक निकासी नाली से बदबू फैला रही थी। उन्होंने सार्वजनिक शौचालयों व मूत्रालयों को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए वहां जलापूर्ति व नियमित सफाई की व्यवस्था का निर्णय लिया है। हर मूत्रालय को पानी के कनेक्शन से जोड़ा जाएगा। इसी तरह की व्यवस्था शौचालयों में भी की जाएगी। साथ ही सफाई कर्मियों को प्रतिदिन निधारित समय पर मूत्रालय व शौचालय की सफाई करनी होगी।

मूत्रालयों व शौचालयों की सफाई व्यवस्था पर नजर रखने के लिए क्षेत्रीय पार्षदों को मुखिया बनाया जाएगा। उनके साथ क्षेत्र के दो-दो गणमान्य नागरिक भी होंगे। वे समय-समय पर मंडलायुक्त को अपने क्षेत्र के मूत्रालयों व शौचालयों की सफाई के बारे में जानकारी देंगे।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।